कार्य का नामः–जनपद सम्भल में मेरठ–बदायूँ मार्ग (एस0एच0–18) के चैनेज 142.600 से 162.000 तक 4 लेन (लम्बाई 19.400 किमी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।

## Project Site Location Justification Note

मेरठ बदायूं राज्य मार्ग (एस0एच0–18) को चार लेन चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य का मा0 मुख्य मन्त्री जी उ0प्र0 शासन की घोषणां के अन्तर्गत आगणन गठित करने के निर्देश प्राप्त हुये है। यह जनपद सम्भल को दिल्ली, मेरठ, बदायूं, लखनऊ आदि को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग से मेरठ, दिल्ली, गाजियाबाद, नोयडा बदायूं बरेली व लखनऊ को आने–जाने वाले वाहनों का आवागमन होता है। चूँकि दिल्ली के लिए सम्भल से रेल मार्ग द्वारा पर्याप्त रेलगाड़ीयों की सेवा नहीं हैं। अतः उक्त मार्ग पर यातायात बढने से मार्ग की महत्वता में अधिक वृद्धि स्वाभाविक है, जनपद सम्भल से जनपद बदायूं को जोड़ने के लिए यह अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग से पूर्वी उत्तर प्रदेश का यातायात लखनऊ, शहजहाँपुर, बरेली, बदयूं आदि स्थानों से गुजरता हुआ पश्चिमी उ0प्र0 व दिल्ली को जाता है। चौड़ीकरण एंव सुदृढीकरण हेतु प्रस्तावित उपरोक्त मार्ग को मुख्यतः गुन्नौर, जुनावई, धनीपुर, घोसली, व कादराबाद महत्वपूर्ण आबादी भाग स्थित हैं। इसके अलावा मार्ग पर विभिन्न आन्तरिक जनपदीय यातायात समाविष्ट होता है। इस मार्ग पर 3048 सी0वी0पी0डी0 (कॉमशियल वाहन प्रतिदिन) व 21810 पी0सी0यू0 (पैसिंजर कार यूनिट प्रतिदिन) का यातायात है। जिसके कारण मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना अपरिहार्य आवश्यकता है।

उक्त परियोजना के अन्तर्गत मार्ग की कुल लम्बाई 19.400 किमी0 में 2 लेन मार्ग (7.00 मी0 चौड़ाई) से 4 लेन चौड़ा करने हेतु (आर्थात मार्ग के मध्य में 2.50 मी0 चौड़ा डिवाईडर, दोनों ओर 8.75 मी0 ब्लेक टोप व 2–2 मी0 पटरी दोनों ओर) कुल 24.00 मी0 के चौडीकरण प्रस्तावित है। इस मार्ग के चौड़ीकरण हेतु 23.28 हैक्टेसर वन संरक्षित भूमि की आवश्यकता है। जोकि न्यनतम है। इस मार्ग में चौड़ीकरण हेतु अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0
सम्भल

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0
सम्भल